क्षेत्रीय कार्यालय

# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल–2,पंचम चरण,रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षैका किश/पीयूबी–154/ दिनांक :

## पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल शर्मा खनन पटट्ा संख्या 521/2013आर (559/2011) ग्राम बरिया नंगा द्वारा क्वार्टज एवं फैल्सपार खनिज क्लस्टर खनन परियोजना जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:–

| क्र. स. | प्रोजेक्ट का नाम | खनन पटट्ा संख्या | क्षेत्रफल हैक्टेयर में | ग्राम | खनिज का नाम | उत्पादन क्षमता टीपीए (आर.ओ.एम.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राहुल शर्मा खसरा संख्या 319/01 | 521/2013आर (559/2011) | 4.5 | बरिया नंगा | क्वार्टज एवं फैल्सपार | 74334 |
| 2 | श्री अखिल शर्मा | 294ए/2013 | 4.48 | बरिया नंगा | क्वार्टज एवं फैल्सपार | 63180 |

कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 8.98 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–137514 टीपीए (आर.ओ.एम.), ग्राम बरिया नंगा, तहसील ब्यावर, जिला अजमेर से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि श्री राहुल शर्मा खनन पटट्ा संख्या 521/2013आर (559/2011) ग्राम बरिया नंगा ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।

3. उक्त समूह खनन परियोजनासे सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :–
   1. जिला कलक्टर, अजमेर।
   2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला–अजमेर।
   5. तहसील–ब्यावर, जिला–अजमेर।
   6. राजीव गांधी सेवा केन्द्र, सरवीना, तहसील ब्यावर, जिला अजमेर।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर के पत्र क्रमांक कअ/विकास/2022/334 दिनांक 18.02.2022 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 04/04/2022 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान–राजीव गांधी सेवा केन्द्र, सरवीना, तहसील ब्यावर, जिला अजमेर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ, जिला–अजमेर को भी दिये जा सकते है।

Deepak Tanwar

(दीपक तँवर)
पर्यावरण अभियंता
एवं क्षैत्रीय अधिकारी